रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	05/08/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Q.1 मानव हृदय का कौन-सा कोष्ठ (chamber), ऑक्सीजनन के लिए रूधिर को सीधे फुफ्फुसों तक पंप करता है?

Ans A). बायां आलिंद B). दायां आलिंद C). बायां निलय D). दायां निलय

Correct Answer: D

Q.2 कौन-सा कथन, निलंबन और विलयन में कणों के आकार की सही तुलना करता है?

Ans A). निलंबन के कण, विलयन के कणों से बड़े होते हैं। B). दोनों के कणों का आकार बराबर होता है। C). निलंबन के कण, विलयन के कणों से छोटे होते हैं। D). निलंबन के कणों का आकार आणविक होता है जबकि विलयन के कणों का आकार परमाण्विक होता है।

Correct Answer: A

Q.3 फिनोलफथेलीन क्षारीय विलयन में कौन-सा रंग परिवर्तन दर्शाता है?

Ans A). हिलाने पर सफेद से हरा हो जाना B). नीला से तत्काल रंगहीन होना C). रंगहीन से धीरे-धीरे गुलाबी होना D). पीला से तत्काल लाल होना

Correct Answer: C

Q.4 एक प्राणिविज्ञानी वृक्षीय और स्थलीय स्तनधारियों के पंजों (claws) की तुलना करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा उस संरचनात्मक अंतर को परिभाषित करता है जो मुख्य रूप से उनके अनुकूलन को दर्शाता है?

Ans A). अपने आवास में छद्मावरण प्रदान करने की दोहरी भूमिका B). सभी वृक्षीय प्रजातियों में पंजों की लंबाई में एकसमान वृद्धि C). सपाट भूमि पर चलने की तुलना में चढ़ाई के लिए उपयुक्तता D). मुख्यतः रक्षात्मक आवश्यकताओं के लिए विकसित समान तीक्ष्णता

Correct Answer: C

Q.5 निम्नलिखित में से किस एक को छोड़ कर शेष सभी प्रक्रियाएं वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपभोग करती हैं?

Ans A). जानवरों में श्वसन B). जीवाश्म ईंधनों का दहन C). पादपों में श्वसन D). हरे पादपों में प्रकाश संश्लेषण

Correct Answer: D

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कार्बन के एक अपररूप, हीरे, के एक प्रमुख गुणधर्म की सही पहचान करता है जो इसे ग्रेफाइट से विभेदित करता है?

Ans A). हीरे में मुक्त इलेक्ट्रॉनों की अनुपस्थिति के कारण यह विद्युत का अचालक होता है। B). हीरे में नरम परतें होती हैं जो एक-दूसरे के ऊपर फिसलती हैं। C). हीरा विस्थापित इलेक्ट्रॉनों के कारण विद्युत का चालन करता है। D). हीरा, ग्रेफाइट जैसी स्तरित संरचना में विद्यमान है।

Correct Answer: A

Q.7 प्रकीर्णन से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(1) कांच के प्रिज्म से गुजरते समय लाल प्रकाश सबसे अधिक मुड़ता है।
(2) सभी रंगों के लिए विचलन कोण समान होता है।
(3) प्रकीर्णन, इंद्रधनुष के निर्माण के लिए उत्तरदायी परिघटना में से एक है।
(4) जब प्रकाश वायु से प्रिज्म में प्रवेश करता है तो उसकी चाल कम हो जाती है।

Ans A). केवल कथन 1 और 2 दोनों B). केवल कथन 3 और 4 दोनों C). केवल कथन 1 और 3 दोनों D). केवल कथन 2 और 4 दोनों

Correct Answer: B

Q.8 एक कार 5 सेकंड में अपना वेग 10 m/s से बढ़ाकर 30 m/s कर लेती है। कार का त्वरण क्या है?

Ans A). 6 m/s^2 B). 10 m/s^2 C). 4 m/s^2 D). 2 m/s^2

Correct Answer: C

Q.9 **एक मशीन किसी कार्य को पूरा करती है जिसके लिए आधे मिनट में 3000 J कार्य की आवश्यकता होती है। मशीन द्वारा प्रदत्त औसत शक्ति ___________ है।**

Ans A). 300 W B). 10 W C). 100 W D). 30 W

Correct Answer: C

Q.10 **मस्तिष्क के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अग्रमस्तिष्क का एक विशिष्ट प्रकार्य क्या है?**

Ans A). यह हार्मोन मुक्त करता है B). यह हृदय स्पंदन को विनियमित करता है C). यह संवेदी आवेग प्राप्त करता है D). यह संतुलन नियंत्रित करता है

Correct Answer: C

Q.11 **जब कोई विद्यार्थी जलती हुई मोमबत्ती को अनंत से उत्तल लेंस के फोकस की ओर ले जाता है, तो प्रतिबिंब का आकार कैसे बदलता है?**

Ans A). प्रतिबिंब का आकार बढ़ता है B). प्रतिबिंब का आकार घटता है C). प्रतिबिंब गायब हो जाता है D). प्रतिबिंब का आकार हर समय समान रहता है

Correct Answer: A

Q.12 **सजातीय श्रेणी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**
सभी सदस्यों का सामान्य सूत्र समान होता है।
प्रत्येक क्रमिक सदस्य में एक $-CH_2-$ समूह का अंतर होता है।
सभी सदस्यों के भौतिक गुण समान रहते हैं।

Ans A). केवल 1 और 2 B). केवल 2 और 3 C). केवल 1 और 3 D). 1, 2 और 3

Correct Answer: A

Q.13 **जब मैग्नीशियम धातु, तप्त जल के साथ अभिक्रिया करती है, तो हाइड्रोजन गैस के साथ कौन-सा मुख्य उत्पाद बनता है?**

Ans A). आयरन हाइड्रॉक्साइड B). मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड C). कॉपर हाइड्रॉक्साइड D). मैग्नीशियम ऑक्साइड

Correct Answer: B

Q.14 **जब पोटैशियम क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करके पोटैशियम क्लोराइड बनाता है, तो उनके संयोजन अनुपातों के आधार पर कौन-सा सूत्र परिणामी यौगिक को सही ढंग से दर्शाता है?**

Ans A). K_2Cl_2 B). KCl_2 C). KCl D). K_2Cl

Correct Answer: C

Q.15 **निम्नलिखित में से कौन-सा, SI प्रणाली में औसत वेग के लिए सही मात्रक को निरूपित करता है?**

Ans A). फुट प्रति सेकंड B). किलोमीटर प्रति घंटा C). मीटर प्रति सेकंड D). सेंटीमीटर प्रति मिनट

Correct Answer: C

Q.16 **निम्नलिखित में से किस व्यवस्था के परिणामस्वरूप तार पाश (wire loop) में सर्वाधिक प्रेरित धारा उत्पन्न होगी?**

Ans A). पाश को धीरे-धीरे एक दुर्बल चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान कराना B). पाश को चुंबकीय क्षेत्र में स्थिर रखना C). पाश को क्षेत्र रेखाओं के समानांतर गतिमान कराना D). पाश को शीघ्रता से एक प्रबल चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान कराना

Correct Answer: D

Q.17 **निम्नलिखित में से कौन-सा, पादपों में विभज्योतकीय ऊतक का विशिष्ट लक्षण है?**

Ans A). कोशिकाएं जल और खनिजों का परिवहन करती हैं B). कोशिकाएं मुख्यत: यांत्रिक सहारा प्रदान करती हैं C). कोशिकाएँ निरंतर विभाजन करने में सक्षम होती हैं D). कोशिकाओं में स्थूल द्वितीयक भित्तियां होती हैं

Correct Answer: C

Q.18 **क्लोरीन प्रकृति में 35 u और 37 u द्रव्यमान के साथ दो समस्थानिक रूपों में पाया जाता है, तो क्लोरीन परमाणु का अनुमानित औसत परमाणु द्रव्यमान कितना है?**

Ans A). 35 u B). 35.2 u C). 35.5 u D). 34.5 u

Correct Answer: C

Q.19 **मशीन M, 20 s में 600 J कार्य करती है। मशीन N, 15 s में 900 J कार्य करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). मशीन M अधिक शक्ति उत्पन्न करती है। B). मशीन N, मशीन M से दोगुनी शक्ति उत्पन्न करती है। C). मशीन N, मशीन M की 1.5 गुना अधिक शक्ति उत्पन्न करती है। D). दोनों मशीनें समान शक्ति उत्पन्न करती हैं।

Correct Answer: B

Q.20 **एक विज्ञान संग्रहालय एक ऐसा प्रदर्शन तैयार कर रहा है जो यह समझाए कि दिन के दौरान आकाश नीला क्यों दिखाई देता है, लेकिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय लाल रंग का क्यों हो जाता है। वायुमंडल में प्रकाश के प्रकीर्णन के आधार पर, कौन-सी व्याख्या इन अवलोकनों को सबसे अच्छी तरह से स्पष्ट करती है?**

Ans A). लघु तरंगदैर्ध्यें अधिक प्रबलता से प्रकीर्णित होती हैं, जबकि सूर्यास्त के समय लंबे वायुमंडलीय मार्ग लाल तरंगदैर्ध्य के लिए अनुकूल होते हैं।

B). सूर्य दिन में अधिक नीला प्रकाश उत्सर्जित करता है, जबकि सूर्यास्त के समय अधिक लाल प्रकाश उत्सर्जित करता है।

C). वायुमंडलीय अवशोषण दिन में लाल प्रकाश को हटा देता है, जबकि सूर्यास्त के समय नीले प्रकाश को हटा देता है।

D). धूल के कण सभी तरंगदैर्ध्य को समान रूप से प्रकीर्णित करते हैं, जबकि सूर्यास्त के समय धूल बढ़ने से लाल प्रकाश अधिक दृश्य होता है।

Correct Answer: A

Q.21 **निम्नलिखित में से किस डिवाइस में पहले CFC का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था?**

Ans A). रेफ्रिजरेटर B). वॉटर प्यूरीफायर C). सोलर कुकर D). साइकिल

Correct Answer: A

Q.22 **निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:**
$MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$
रेडॉक्स अभिक्रियाओं की ऑक्सीजन–हाइड्रोजन परिभाषा के आधार पर, इस अभिक्रिया में किस पदार्थ का अपचयन होता है?

Ans A). ऑक्सीजन लब्धि के बाद जल निर्मित होता है B). मैंगनीज डाइऑक्साइड, ऑक्सीजन का त्याग करता है C). हाइड्रोजन क्लोराइड, हाइड्रोजन का त्याग करता है D). ऑक्सीकरण से क्लोरीन गैस निर्मित होती है

Correct Answer: B

Q.23 **घासस्थल की खाद्य श्रृंखला में, रासायनिक पीड़कनाशी का अधिकतम संचय निम्न में से किसमें पाया जाता है?**

Ans A). घास B). मेंढक C). हॉक D). टिड्डा

Correct Answer: C

Q.24 **मृत संरचनाएं प्रायः "कठोर और दृढ़" होती हैं। कौन-सा साधारण स्थायी ऊतक मुख्यतः मृत कोशिकाओं से बना होता है जो पादपों को यांत्रिक शक्ति प्रदान करता है?**

Ans A). विभज्योतक B). बाह्यत्वचा C). मृदूतक D). दृढ़ोतक

Correct Answer: D

Q.25 **किसी प्रयोग में, कोई धातु की छड़ पूर्व की ओर निर्देशित क्षैतिज चुंबकीय क्षेत्र में उत्तर की ओर गति करती है। फ्लेमिंग के दक्षिण-हस्त नियम के अनुसार, छड़ में प्रेरित धारा की दिशा क्या है?**

Ans A). प्रेरित धारा पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है B). प्रेरित धारा ऊर्ध्वाधर नीचे की ओर प्रवाहित होती है C). प्रेरित धारा पूर्व की ओर प्रवाहित होती है D). प्रेरित धारा ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर प्रवाहित होती है

Correct Answer: B

Q.26 **दिया गया है, $148^{0.27} = x$, $148^{0.51} = y$ और $x^z = y^6$, तो z का मान निम्नलिखित में से किसके निकटतम होगा?**

Ans A). 12.22 B). 11.33 C). 13.37 D). 10.11

Correct Answer: B

Q.27 **एक दुकानदार किसी वस्तु के मूल्य में उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक की वृद्धि करता है। और फिर नए मूल्य पर 25% की छूट देता है। बाद में, वह छूट के बाद प्राप्त मूल्य में पुनः 10% की वृद्धि करता है। यदि वस्तु का क्रय मूल्य ₹500 था, तो वस्तु का अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।**

Ans A). ₹495 B). ₹490 C). ₹485 D). ₹510

Correct Answer: A

Q.28 **यदि ₹4,000 पर 3 वर्षों के लिए साधारण ब्याज ₹960 है, तो वार्षिक ब्याज दर कितनी होगी?**

Ans A). 7% B). 9% C). 6% D). 8%

Correct Answer: D

Q.29 **दो संख्याएँ, तीसरी संख्या से क्रमशः 15% और 40% अधिक हैं। दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 24 : 28 B). 20 : 28 C). 23 : 26 D). 23 : 28

Correct Answer: D

Q.30 दिए गए लाइन ग्राफ में एक सप्ताह के दौरान दर्ज किया गया तापमान (°C में) दर्शाया गया है। दूसरा सबसे अधिक तापमान किस दिन दर्ज किया गया था?



Ans A). शुक्रवार B). बुधवार C). मंगलवार D). गुरुवार

Correct Answer: D

Q.31 किसी धनराशि पर दो वर्षों का चक्रवृद्धि ब्याज ₹1,560 है और संगत साधारण ब्याज ₹1,500 है। उसी धनराशि पर, उसी दर से 3 वर्षों का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹2260.20 B). ₹2456.40 C). ₹2634.80 D). ₹2434.80

Correct Answer: D

Q.32 एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से उसी गोले के आयतन के बराबर है। गोले की त्रिज्या कितनी है?

Ans A). 4 इकाई B). 6 इकाई C). 9 इकाई D). 3 इकाई

Correct Answer: D

Q.33 एक व्यापारी ₹350 में एक वस्तु खरीदता है और उसे ₹420 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15% B). 25% C). 30% D). 20%

Correct Answer: D

Q.34 एक व्यक्ति अपनी आय का 70% खर्च करता है और ₹6,000 की बचत करता है। उसकी कुल आय ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹24,000 B). ₹22,000 C). ₹20,000 D). ₹18,000

Correct Answer: C

Q.35 राहुल हर 6 दिन में, प्रिया हर 8 दिन में, और अमित हर 12 दिन में पुस्तकालय जाता है। यदि तीनों आज पुस्तकालय में मिलते हैं, तो कितने दिनों बाद वे सभी वहां मिलेंगे?

Ans A). 28 दिन B). 16 दिन C). 20 दिन D). 24 दिन

Correct Answer: D

Q.36 निम्नलिखित को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
$16^6, 27^4, 5^{12}$

Ans A). $5^{12} > 16^6 > 27^4$ B). $16^6 > 5^{12} > 27^4$ C). $27^4 > 16^6 > 5^{12}$ D). $27^4 > 5^{12} > 16^6$

Correct Answer: A

Q.37 निम्नलिखित डेटा का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

x_i	5	12	10	15	18
f_i	24	25	28	30	40

(उत्तर दो दशमलव स्थानों तक सही दें)

Ans A). 10.66 B). 12.72 C). 16.72 D). 11.72

Correct Answer: B

Q.38 एक स्टील कारखाना, बंद बेलनाकार टैंक का निर्माण करता है। संपूर्ण बाह्य पृष्ठ (शीर्ष और आधार सहित) को ₹3 प्रति cm^2 की दर से पेंट किया जाता है। पेंट करने की कुल लागत ₹2,772 है। यदि बेलन की ऊंचाई, उसकी त्रिज्या की दोगुनी है, तो इसका आयतन कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए)

Ans A). 2,236 cm^3 B). 2,282 cm^3 C). 2,156 cm^3 D). 2,246 cm^3

Correct Answer: C

Q.39 पाइप A एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 24 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 8 घंटे में भर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो उसी टंकी का आधा हिस्सा भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 2 B). 3 C). 4 D). 1

Correct Answer: D

Q.40 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों- I, II, III और IV पर एकसमान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 78% और 43% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 74% और 83% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 15% और 93% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 93%, 84%, और 42% की क्रमिक छूट देती है।
कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). IV B). III C). II D). I

Correct Answer: A

Q.41 126 km/hr की चाल वाली एक ट्रेन 50 सेकंड में एक पुल को पार करती है। पहली ट्रेन से 150 m लंबी एक अन्य ट्रेन, उसी पुल को 90 km/hr की चाल से पार करती है। दूसरी ट्रेन द्वारा पुल को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 76 B). 68 C). 74 D). 70

Correct Answer: A

Q.42 यदि अनुषा और विष्णु की वर्तमान आयु का अनुपात 8 : 5 है और उनकी वर्तमान आयु का योगफल 78 वर्ष है, तो विष्णु की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 36 वर्ष B). 32 वर्ष C). 30 वर्ष D). 34 वर्ष

Correct Answer: C

Q.43 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 16.4 और 24 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans A). 18.9 B). 20.4 C). 19.6 D). 20.7

Correct Answer: A

Q.44 यदि $\operatorname{cosec} A = \sqrt{10}$ है, तो $\frac{3\sin^2 A + 4\cot^2 A}{6(\tan^2 A + \cos^2 A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{1089}{182}$ B). $\frac{545}{91}$ C). $\frac{726}{91}$ D). $\frac{1017}{182}$

Correct Answer: A

Q.45 ₹16,165 को प्रतीक और शिवा प्रसाद के बीच इस प्रकार विभाजित कीजिए कि 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले) की दर से, 3 वर्ष बाद प्रतीक का हिस्सा, 5 वर्ष बाद शिवा प्रसाद के हिस्से के बराबर हो। तो प्रतीक का हिस्सा कितना होगा?

Ans A). ₹7021 B). ₹9144 C). ₹6625 D). ₹9540

Correct Answer: D

Q.46 एक विद्यार्थी परीक्षा केंद्र जा रहा है। यदि वह 10 km/hr की चाल से साइकिल से जाता है, तो उसे 15 मिनट की देरी होगी। यदि वह 12 km/hr की चाल से ऑटो से जाता है, तो वह 5 मिनट पहले पहुँच जाएगा। परीक्षा केंद्र की दूरी कितनी है?

Ans A). 15 km B). 24 km C). 20 km D). 18 km

Correct Answer: C

Q.47 यदि $\tan A = \frac{27}{36}$ और A एक न्यूनकोण है, तो $\sqrt{1 + \frac{2\sin A + \cos A}{5\cos A - \sin A}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{3\sqrt{3}}{17}$ B). $5\sqrt{\frac{3}{17}}$ C). $\frac{5\sqrt{3}}{17}$ D). $3\sqrt{\frac{3}{17}}$

Correct Answer: A

Q.48 यदि 7, 14.2, 21.7 और x समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50.12 B). 48.08 C). 44.02 D). 46.04

Correct Answer: C

Q.49 मान लीजिए A एक समबहुभुज है जिसके अंत:कोणों का योग 2340° है। A के विकर्णों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 90 B). 120 C). 86 D). 100

Correct Answer: A

Q.50 एक फैक्ट्री 10 मशीनें खरीदती है: 6 मशीन A और 4 मशीन B। इनके मूल्य क्रमशः ₹20300 और ₹87000 हैं। मशीनों की औसत कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹46980 B). ₹46960 C). ₹46990 D). ₹46970

Correct Answer: A

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से KRPM का संबंध QXVS से है। उसी प्रकार, FMKH का संबंध LSQN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, AHFC का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). GNLI B). NGLI C). NGIL D). GNIL

Correct Answer: A

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से PURE का संबंध URWB से है। इसी प्रकार, RING का संबंध WFSD से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SOUL का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans A). XLZI B). NPIL C). NLPI D). XZIL

Correct Answer: A

Q.53 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) X # $ L K M O > ? A S + T % @ A P & ? X Z R @ * + # I O ? & @ E R $ Y U ? (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans A). 3 B). 4 C). 1 D). 2

Correct Answer: D

Q.54 महक बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 53 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 65 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 68 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 67 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 15 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 2 km, पूर्व में B). 2 km, दक्षिण में C). 2 km, पश्चिम में D). 1 km, पश्चिम में

Correct Answer: C

Q.55 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) E B M + ? # N $ @ + ? N P % F $ E R T # + # (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो कौन-सा प्रतीक दाएं से सातवां होगा?

Ans A). + B). = C). $ D). @

Correct Answer: A

Q.56 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
4 ÷ 3 + 16 × 4 − 4 = ?

Ans A). 6 B). 10 C). 8 D). 12

Correct Answer: D

Q.57 L, B, C, D, G और M, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
G के नीचे केवल पांच व्यक्ति रहते हैं। M और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। L, C के ठीक नीचे रहता है लेकिन विषम क्रमांक वाले तल पर नहीं रहता है। B, सम क्रमांक वाले तल पर नहीं रहता है।
D और C के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). चार B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: C

Q.58 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E के बाईं ओर चौथे स्थान पर C बैठा है। Q के दाईं ओर चौथे स्थान पर D बैठा है। E के बाईं ओर से गिनने पर E और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E का निकटतम पड़ोसी O नहीं है।
P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). D B). O C). C D). Q

Correct Answer: C

Q.59 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
11 - 31
2 - 22

Ans A). 5 - 35 B). 19 - 35 C). 45 - 96 D). 9 - 29

Correct Answer: D

Q.60 शब्द COLLECT के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से पहले होगा?

Ans A). F B). K C). S D). B

Correct Answer: C

Q.61 हरीश अपनी कक्षा में ऊपर से 54वें स्थान पर और नीचे से 78वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 133 B). 131 C). 132 D). 130

Correct Answer: B

Q.62 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

93 100 114 135 163 ?

Ans A). 203 B). 196 C). 198 D). 201

Correct Answer: C

Q.63 किरण बिंदु B से ड्राइव करना प्रारंभ करती है और दक्षिण की ओर 15 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 8 km ड्राइव करती है, फिर दाएँ मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 8 km ड्राइव करती है। अंततः, वह दाएँ मुड़ती है और 13 km ड्राइव करती है तथा बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु B पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 7 km, पश्चिम की ओर B). 7 km, उत्तर की ओर C). 6 km, पूर्व की ओर D). 5 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: B

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
JPT INQ HLN GJK ?

Ans A). FIH B). FHH C). FII D). FHI

Correct Answer: B

Q.65 E, F का पिता है। F, G की माता है। G, H की पत्नी है। F का H से क्या संबंध है?

Ans A). पति की माता B). पत्नी की माता C). माता D). पति

Correct Answer: B

Q.66 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट - एक दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता; उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता।)

5 – 20 – 16 – 64 ; 7 – 28 – 24 – 96

Ans A). 8 - 32 - 28 - 120 B). 11 - 21 - 17 - 69 C). 9 - 36 - 33 - 120 D). 6 - 24 - 20 - 80

Correct Answer: D

Q.67 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$41 - 25 + 2 \times 1 \div 15 = ?$

Ans A). 36 B). 37 C). 34 D). 38

Correct Answer: A

Q.68 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है तथा '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$12 - 2 + 48 \times 3 \div 14 = ?$

Ans A). 22 B). 27 C). 11 D). 16

Correct Answer: A

Q.69 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए के पैटर्न और संबंध के समान हो?
: RLQ :: QKP : %

Ans A). # = PON, % = TJU B). # = OLN, % = TNU C). # = OOI, % = YYS D). # = OIN, % = TNS

Correct Answer: D

Q.70 मिस्टर सैमटेन बिंदु A से शुरू करते हुए, दक्षिण की ओर 15 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 42 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद, वह बाएं मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 17 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 10 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह बाएं मुड़ते हैं और 10 km ड्राइव करते हुए बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 12 km पूर्व की ओर B). 16 km उत्तर की ओर C). 12 km दक्षिण की ओर D). 16 km पश्चिम की ओर

Correct Answer: A

Q.71 A, D, F, G, H और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। F सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है, लेकिन 4 पर नहीं रहता है। F और H जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग 9 है। G और D के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। S और D जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग 3 है। A और G जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों के क्रमांकों का योग कितना है?

Ans A). 11 B). 9 C). 8 D). 10

Correct Answer: B

Q.72 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी किताब, पेन हैं।
कोई भी पेन, कागज़ नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ किताब, कागज़ हैं।
(II) कोई भी किताब, कागज़ नहीं है।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Correct Answer: A

Q.73 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) # 3 & * 7 @ $ 8 * > 4 4 \ 2 3 \ & 8 7 / # (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans A). 0 B). 3 C). 1 D). 2

Correct Answer: C

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). HMI B). OSP C). FJG D). WAX

Correct Answer: A

Q.75 W, I, N, T, E, R और S, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, N के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। W के बाएँ से गिनने पर, N और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E के दाएँ से गिनने पर, S और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, S का निकटतम पड़ोसी है। T के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). R B). S C). W D). I

Correct Answer: D

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S – E x W ÷ T + N' है तो S का N से क्या संबंध है?

Ans A). भाई B). माता की बहन C). माता का भाई D). पिता

Correct Answer: C

Q.77 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 531 579 211 298 567 (दाएँ)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट- सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी है।

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को, सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणामी संख्या क्या होगी।

Ans A). 12 B). 8 C). 7 D). 9

Correct Answer: B

Q.78 शब्द CONTAIN के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, बाएं से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans A). Q B). R C). P D). O

Correct Answer: C

Q.79 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकीय पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 131 419 169 214 899 (दाएँ)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans A). 11 B). 10 C). 13 D). 9

Correct Answer: B

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans A). JOT B). DIO C). EJP D). AFL

Correct Answer: A

Q.81 26-30 जनवरी, 2026 तक दुबई में आयोजित होने वाले दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक खाद्य और पेय सोर्सिंग कार्यक्रम, गल्फूड 2026 में किस देश ने भागीदार देश के रूप में हिस्सा लिया?

Ans A). भारत B). जापान C). चीन D). ब्राज़ील

Correct Answer: A

Q.82 सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कि आघात संबंधी देखभाल तक पहुंच जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है, भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत की गई थी?

Ans A). अनुच्छेद 25 B). अनुच्छेद 21 C). अनुच्छेद 32 D). अनुच्छेद 19

Correct Answer: B

Q.83 2026 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स (Laureus World Sports Awards) में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (Laureus World Sportswoman of the Year) किसे नामित किया गया था?

Ans A). केटी लेडेकी (Katie Ledecky) B). सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन (Sydney McLaughlin-Levrone) C). ऐताना बोनमाटी (Aitana Bonmatí) D). आर्यना सबालेंका (Aryna Sabalenka)

Correct Answer: D

Q.84 रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स (RNI) 2026 जो देशों का वैश्विक कल्याण और अंतरराष्ट्रीय उत्तरदायित्व में उनके योगदान के आधार पर मूल्यांकन करता है, के अनुसार भारत को कौन सा स्थान प्राप्त हुआ?

Ans A). वैश्विक स्तर पर 12वां स्थान B). वैश्विक स्तर पर 18वां स्थान C). वैश्विक स्तर पर 16वां स्थान D). वैश्विक स्तर पर 10वां स्थान

Correct Answer: C

Q.85 **तिरुवनंतपुरम में 2 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास एकुवेरिन (EKUVERIN) के 14वें संस्करण में गढ़वाल राइफल्स की भारतीय सेना की टुकड़ी के साथ-साथ निम्नलिखित में से किस सशस्त्र बल के जवान शामिल थे?**

Ans A). मॉरिशस पुलिस स्पेशल मोबाइल फोर्स (Mauritius Police Special Mobile Force)
B). सेशेल्स पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (Seychelles People's Defence Forces)
C). श्रीलंका आर्मी स्पेशल फोर्सेज कमांड (Sri Lanka Army Special Forces Command)
D). मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (MNDF) {Maldives National Defence Force (MNDF)}

Correct Answer: D

Q.86 **महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वतंत्र रात्रि यात्रा सुनिश्चित करने हेतु 8 मार्च, 2026 को शुरू की गई "निर्भया निशा (Nirbhaya Nisha)" परियोजना किस भारतीय राज्य के पुलिस बल की पहल है?**

Ans A). कर्नाटक पुलिस B). केरल पुलिस C). आंध्र प्रदेश पुलिस D). तमिलनाडु पुलिस

Correct Answer: B

Q.87 **दिसंबर 2025 में MoPR और NDMA द्वारा अनुमोदित (2026 में कार्यान्वित) 500 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय वाली राष्ट्रीय परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans A). एक नए राष्ट्रीय चक्रवात चेतावनी केंद्र का निर्माण करना B). मेट्रो शहरों के लिए अग्निशमन ड्रोन क्रय करना
C). पंचायती राज संस्थाओं में समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण को सुदृढ़ बनाना D). अंडमान द्वीप समूह में भूमिगत सुनामी आश्रयों का निर्माण करना

Correct Answer: C

Q.88 **फरवरी 2026 में, किस मंत्रालय ने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2026 का प्रारूप जारी किया?**

Ans A). वित्त मंत्रालय B). रक्षा मंत्रालय C). विदेश मंत्रालय D). भारी उद्योग मंत्रालय

Correct Answer: B

Q.89 **स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल रिपोर्ट के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रतिस्पर्धात्मकता में भारत की वैश्विक रैंकिंग क्या थी?**

Ans A). चौथा स्थान B). सातवां स्थान C). पांचवां स्थान D). तीसरा स्थान

Correct Answer: D

Q.90 **फरवरी 2026 में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से किस उन्नत प्रणोदन प्रौद्योगिकी का सफल प्रदर्शन किया, जिससे लंबी दूरी की वायु-से-वायु मिसाइलों का विकास संभव हो सका?**

Ans A). सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट टेक्नोलॉजी (Solid Fuel Ducted Ramjet technology) B). टर्बोजेट प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी (Turbojet propulsion technology)
C). लिक्विड-प्रोपेलेंट रॉकेट इंजन टेक्नोलॉजी (Liquid-propellant rocket engine technology)
D). स्क्रैमजेट प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी (Scramjet propulsion technology)

Correct Answer: A

Q.91 **जनवरी 2026 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय संगठन 'बोर्ड ऑफ पीस (Board of Peace)' के चेयरमैन कौन है?**

Ans A). अलेक्जेंडर लुकाशेंको (Alyaksandr Lukashenka) B). हमद बिन ईसा अल खलीफा (Hamad bin Isa Al Khalifa)
C). डोनाल्ड जे. ट्रम्प (Donald J. Trump) D). बेंजामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu)

Correct Answer: C

Q.92 **30 जनवरी 2026 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने UMEED केंद्रीय पोर्टल पर कौन-से नए मॉड्यूल लॉन्च किए?**

Ans A). सर्वे मॉड्यूल और वक्फ प्रॉपर्टी लीज मॉड्यूल B). टैक्स मॉड्यूल और कंप्लायंस मॉड्यूल C). लैंड रिकॉर्ड मॉड्यूल और डोनेशन मॉड्यूल
D). ऑडिट मॉड्यूल और रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल

Correct Answer: A

Q.93 **किस फुटबॉल क्लब को 2026 में लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर (Laureus World Team of the Year) के रूप में सम्मानित किया गया, जिसने ऐतिहासिक रूप से पहली बार UEFA चैंपियंस लीग का खिताब जीता था?**

Ans A). मैनचेस्टर सिटी (Manchester City) B). बायर्न म्यूनिख (Bayern Munich) C). पेरिस सेंट-जर्मेन (Paris Saint-Germain) D). रियल मैड्रिड (Real Madrid)

Correct Answer: C

Q.94 **वर्ष 2026 में भारत सरकार द्वारा किस अभिनेता को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

Ans A). राज कुमार B). धर्मेंद्र सिंह देओल C). मनोज कुमार D). ऋषि कपूर

Correct Answer: B

Q.95 **नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (National Indoor Athletics Championships) 2026 में पुरुषों की 60m स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता कौन था?**

Ans A). गुरिंदरवीर सिंह B). मोहम्मद अफसल C). रीगन गणेश D). अनिमेष कुजूर

Correct Answer: A

Q.96 वित्त वर्ष 2026 में, 7.0% की वृद्धि के साथ किस व्यय श्रेणी ने उपभोक्ता मांग में सुदृढ़ीकरण का संकेत दिया?

Ans A). निर्यात व्यय B). रक्षा व्यय C). सरकारी पूंजीगत व्यय D). निजी अंतिम उपभोग व्यय

Correct Answer: D

Q.97 अप्रैल 2026 में, किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) ने भारत में पहली बार ओमेगाबॉल पेश किया, जो तीन टीमों वाला एक अभिनव फुटबॉल फ़ॉर्मेट है?

Ans A). आईआईटी खड़गपुर B). आईआईटी दिल्ली C). आईआईटी मद्रास D). आईआईटी मुंबई

Correct Answer: C

Q.98 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2026 के दौरान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का राष्ट्रीय स्तर का समारोह किस आधिकारिक थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया था?

Ans A). सतत् भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण (Integrated Approach in S&T for Sustainable Future)

B). विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की उत्प्रेरक (Women in Science: Catalysing Viksit Bharat)

C). विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां (Indigenous Technologies for Viksit Bharat)

D). राष्ट्रीय विकास में विज्ञान की भूमिका (The Role of Science in National Development)

Correct Answer: B

Q.99 वर्ष 2026 में, निम्नलिखित में से कौन-सा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) 'जेन Z पोस्ट ऑफिस (Gen Z Post Office)' पहल की मेजबानी करने वाला भारत का पहला AIIMS बना?

Ans A). AIIMS पटना B). AIIMS जम्मू C). AIIMS नागपुर D). AIIMS नई दिल्ली

Correct Answer: B

Q.100 पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 2026 में जारी अधिसूचना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस वन्यजीव अभयारण्य को इको-सेंसिटिव ज़ोन (Eco-Sensitive Zone) घोषित किया गया था?

Ans A). कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य B). सुल्तानपुर वन्यजीव अभयारण्य C). दांदेली वन्यजीव अभयारण्य D). पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य

Correct Answer: A

"